भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2354
दिनांक 03.12.2019

अनार अनुसंधान केंद्र

2354. डॉ. जय सिद्देश्वर शिवाचार्य स्वामीजी:

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का महाराष्ट्र के सोलापुर में राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र में और अधिक वैज्ञानिकों को नियुक्त करने का विचार है, क्योंकि इस केंद्र में पर्याप्त संख्या में वैज्ञानिक नहीं हैं;

(ख) यदि हां, तो कितने वैज्ञानिकों को नियुक्त किए जाने की संभावना है और इनकी नियुक्ति कब तक किए जाने की संभावना है तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उक्त केंद्र को कितनी धनराशि आवंटित की गई है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि और किसान कल्याण मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) एवं (ख): जी, हां। भाकृअप ने, वैज्ञानिकों की संशोधित संवर्ग संख्या में, भाकृअप-राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केन्द्र, सोलापुर में वैज्ञानिकों की स्वीकृत संख्या में 12 और अधिक वैज्ञानिकों की वृद्धि करने की योजना बनाई है जिससे वहां वैज्ञानिकों की वर्तमान संख्या 10 से बढ़कर 22 हो जाएगी।

वैज्ञानिकों की भर्ती/नियुक्ति, एक नियमित प्रक्रिया है और किसी एक विशेष वैज्ञानिक पद के लिए नियुक्ति, निर्धारित विशिष्ट अर्हता के आधार पर, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) द्वारा एक स्थापित पद्धति के माध्यम से की जाती है जो विशेषज्ञता के अपेक्षित क्षेत्रों में उपयुक्त रूप से अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों की उपलब्धता पर निर्भर है।

(ग) विगत तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान, उक्त केन्द्र को आबंटित निधियों का विवरण नीचे दिया गया है:

वर्ष	बीई (रूपये लाख में)	आरई (रूपये लाख में)
2019-20	873.43	-
2018-19	-	1008.25
2017-18	-	808.34
2016-17	-	940.81

****